epaper
हिन्दुस्तान

1000 एकड़ पर टेक्सटाइल इंडस्ट्री-पार्क विकसित होगा

05/02/2022

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राजधानी में टेक्सटाइल इंडस्ट्री और पार्क की स्थापना की कवायद तेज हो गई है। अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने 18 जनवरी को इंडस्ट्री के लिए 1000 एकड़ जमीन मांगी है।

इसके लिए उन्होंने एलडीए समेत ग्रेटर नोएडा, यूपी सीडा को भी पत्र लिखा है। लखनऊ में इसके लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है।

पीएम मित्र योजना के तहत भारत सरकार सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और पार्क की स्थापना करने जा रही है। सरकार ने इसकी स्थापना की मंजूरी दे दी है। वस्त्रत् मंत्रालय ने इसके लिए यूपी को चुना है। राज्य सरकार को पत्र लिखा है।

अपर मुख्य सचिव ने टेक्सटाइल पार्क के लिए प्रस्ताव देने को कहा है।



इकोसिस्टम, विवाद मुक्त भूखंड देने का निर्देश

अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने टेक्सटाइल इंडस्ट्री, पार्क के लिए इकोसिस्टम और विवाद मुक्त भूखंड उपलब्ध कराने को कहा है। भारत सरकार ने ऐसे भूखंडों पर टेक्सटाइल इंडस्ट्री का प्रस्ताव तैयार कराकर केंद्र भेजने को कहा है। नवनीत सहगल ने लिखा है कि इकोसिस्टम यानी जहां पानी और अन्य चीजों की उपलब्धता हो, ऐसे ही भूखंडों का चयन किया जाए। भूखंड ऐसे हों जहां किसी भी प्रकार का कोई विवाद न हो। ताकि प्रस्ताव मंजूर होने के बाद तत्काल काम शुरू कराया जा सके।

बजट में मिले पैसे यहां-यहां खर्च होंगे

- पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के स्टेशनों को अपग्रेडेशन करने पर 35 करोड़
- मल्हौर से डालीगंज 12.62 किमी. लंबी तीसरी, चौथी लाइन के लिए 17.50 करोड़
- लखनऊ से पीलीभीत के बीच चल रहे अमान परिवर्तन के लिए 8.60 करोड़
- ऐशबाग से मानकनगर के बीच बन रहे बाईपास पर 52 करोड़ रुपये

1